CHILDREN'S AID SOCIETY *of* TORONTO

LA SOCIÉTÉ DE L'AIDE *à* L'ENFANCE DE TORONTO

चिल्ड्रनज ऐड सोसाइटी (CAS) आफ टोरंटो की ज़िम्मेदारीयां और क्लाइंन्ट के हक

चिल्ड्रनज ऐड सोसाइटी (CAS) आफ टोरंटो की क्या ज़िम्मेदारीयां हैं?

बच्चों का संरक्षण हमारी आधारभूत ज़िम्मेदारी है। हम द चाइल्ड ऐंड फैमली सर्विसिज़ ऐक्ट (ओंटारियो) के तहत किसी भी ऐसी स्थिति में हस्तक्षेप करने के लिए कानूनी रूप से आदेश अधीन हैं जहां टोरंटो में 16 साल या उस से कम उम्र के किसी बच्चे को शरीरिक, या भावात्मक क्षति पहुंचाई गई है, लैंगिक दुर्व्यवहार या बेपरवाही की गई है, या उसको इस के साथ धमकाया जाता है।

सीऐऐस (CAS) आफ टोरंटो क्या सेवाएँ प्रदान करती है?

पारिवारिक सहारे, पालन (foster) देखभाल, लैंगिक दुर्व्यवहार के पीड़ितों के लिए समूह, गोद लिए जाने और गर्भवती औरतों के लिए सहायता के साथ बच्चों के लिए प्रबंधन सेवाएँ। हम लोगों को समाज में दूसरी सेवाओं के साथ जोड़ते भी हैं।

जब एक रिपोर्ट की जाती है तो क्या होता है?

एक माता या पिता या बच्चा हमें सीधा फोन कर सकता है। समाज में एक रिश्तेदार, दोस्त, अध्यापक, पब्लिक हेल्थ नर्स, डाक्टर या कोई और पेशेवर रेफरल कर सकते हैं।

अगर कोई रिपोर्ट करता है कि आपके बच्चे के साथ दुर्व्यवहार या उसकी बेपरवाही हो रही है, तो सीऐऐस (CAS) आफ टोरंटो का एक वर्कर यह निर्धारित करने के लिए आपके परिवार के साथ मुलाकात करने आएगा यदि दुर्व्यवहार हो रहा है। यदि वर्कर सोचता है कि आपके बच्चे को खतरा है, तो उसको यह फैसला करने की जरूरत होगी के बच्चे का रक्षण और आपके परिवार की सहायता कैसे करनी है। संभव है कि वर्कर आपको सहारा देने वाली सेवाओं की पेशकश करे या आपके बच्चे को अस्थायी रूप से घर से हटाने का फैसला करे।

यदि प्रतीत होता है कि बच्चे को तत्कालीन खतरा है और उसकी सुरक्षा सुनिश्चित करने का एकाकी ढंग घर से हटाया जाना है, तो ऐसा आपकी सहमति के साथ या उस के बिना भी किया जा सकता है। फिर बच्चे को एक सुरक्षित वातावरण में ले जाया जाता है, जैसे कि एक पारिवारिक दोस्त, रिश्तेदार या पालन (foster) घर।

परिवार और सीऐऐस (CAS) आफ टोरंटो कैसे साथ मिल कर काम करते हैं?

बच्चे सीऐऐस (CAS) आफ टोरंटो की देखभाल में विभिन्न कारणों से आते हैं। संभव है कि उनके माता-पिता सुरक्षित ढंग से उनकी देखभाल करने में असमर्थ हैं, सलाह (counselling) या शिक्षा जैसे दूसरे सहारों ने काम नहीं किया या वह उपलब्ध नहीं हैं, तथा दोस्त और रिश्तेदार मदद नहीं कर सकते।

देखभाल में लिए हर बच्चे के लिए, छे औरों की सेवा उनके अपने घरों में की जाती है। कई बच्चों को उनके अपने माता-पिता द्वारा स्वेच्छापूर्वक हमारे पास रखा जाता है, जब कि दूसरों को अदालत के आदेश द्वारा रखा जाता है। कभी-कभी, बच्चे को स्वैच्छिक आधार पर देखभाल में लाना सर्वश्रेष्ठ हो सकता है।ऐसा आपकी सहमति और आपके बच्चे/बच्ची की सहमति, यदि वह 12 साल या उस से अधिक उम्र का/की है के साथ समय की सीमित अवधि के लिए किया जाता है।

यदि आपके बच्चे को आपकी इच्छाओं के विरुद्ध घर से हटाया जाता है, तो एक जज ये फैसला करेगा कि आगे क्या होना चाहिए। सीऐऐस (CAS) आफ टोरंटो के लिए पाँच दिन के अंदर स्थिति को एक फैमली कोर्ट जज के सामने पेश करना जरूरी है। जज इस के बारे में फैसला करता है कि बच्चे को सीऐऐस (CAS) आफ टोरंटो की देखभाल में रहना चाहिए या घर वापस जाना चाहिए। आप अदालत में अपनी सहायता करने के लिए एक वकील कर सकते हैं। यदि आप वकील वहन करने योग्य नहीं है, तो आपको लीगल ऐड आफिस से सहायता मांगनी चाहिए।

बच्चे के क्या हक हैं?

- उस के जीवन के बारे में किए जा रहे महत्वपूर्ण फैसलों में उस ढंग से भाग लेने का हक जो उसकी उम्र और क्षमता के लिए उचित है
- गुप्तता (privacy) का हक

और...

(...जारी)

चिल्ड्रनज ऐड सोसाइटी (CAS) आफ टोरंटो की ज़िम्मेदारीयां और क्लाइंन्ट के हक

- आपके साथ मुलाकात का हक, जब तक कि एक जज यह फैसला नहीं करता या अदालत का आदेश सीऐऐस (CAS) के वर्कर को यह फैसला नहीं करने देता कि ऐसा करना आपके बच्चे के हित में नहीं है
- पौष्टिक भोजन, उसकी क्षमताओं के लिए उचित शिक्षा, नियमित मैडीकल व दातों की देखभाल, उम्र के लिए उचित कपड़ों, और स्कूल में पढ़ाई लिखाई के बाद की मनोरंजक गतीविधियों में सहभागिता समेत उचित देखभाल प्राप्त करने का हक
- शरीरिक दुर्व्यवहार या सजा, और भावात्मक, लैंगिक और मौखिक दुर्व्यवहार से आजादी का हक
- उसके धर्म का पालन करने व धार्मिक शिक्षा प्राप्त करने का हक
- उसकी संस्कृति व विरासत के लिए महत्वपूर्ण गतीविधियों में सहभागिता का हक
- क्षमता, लैंगिक अनुस्थापन, और पहचान समेत, उसकी वैयक्तिकता का आदर किए जाने का हक

माता - पिता के क्या हक हैं?

सीऐऐस (CAS) आफ टोरंटो के लिए अदालत के साथ संबंधित सारे मामलों के बारे में आपको सूचित करने की वाजिब कोशिश जरूरी है। यदि फैमली कोर्ट जज फैसला करता है कि आपके बच्चे को हमारी देखभाल में रहना चाहिए,तो सीऐऐस (CAS) आफ टोरंटो के लिए जरूरी है कि वह आपको सूचित करे और आपको आपके बच्चे पर प्रभाव डालने वाले सारे महत्वपूर्ण फैसलों में भाग लेने दे। सीऐऐस (CAS) आफ टोरंटो की फाइलों में कुछ खास जानकारी तक भी पहुँच हासिल होनी चाहिए।

आपके बच्चे के लिए सर्वश्रेष्ठ नतीजा, चाहे वह समय की कुछ अवधि के लिए हमारी देखभाल में रहना है, या घर वापिस जाना है, को सुनिश्चित करने के लिए यह समझाने के लिए एक योजना बनाई जाएगी कि हर किसी को क्या करना चाहिए।

आप अपने बच्चे के साथ अकेले मिल सकते हैं, जब तक कि एक जज या आपका सीऐऐस (CAS) वर्कर तथा/या अदालत के आदेश दवारा आपका सीऐऐस (CAS) वर्कर मानता है कि यह आपके बच्चे के हित में नहीं है। यह मुलाकातें आपके घर मे, समाज में या उस जगह पर हो सकती हैं जहां आपके बच्चा रह रहा है।

आप तथा आपका सीऐऐस (CAS) वर्कर (और आपका बच्चा यदि वह काफी उम्र का है) चर्चा करेंगे कि आप कब, कहां, और कितनी बार मुलाकात कर सकते हैं।

क्या सीऐऐस (CAS) के रिकार्ड गुप्त हैं?

हाँ। सीऐऐस (CAS) आफ टोरंटो के लिए हमारी लि गतीविधि के लिखित प्रमाण रखने के लिए और आपके परिवार की सहायता करने के लिए महत्वपूर्ण जानकारी इकट्ठा करने के लिए बच्चों और उनके परिवारों के साथ सम्पर्कों के सही रिकार्ड रखना जरूरी है। सारे रिकार्ड गुप्त हैं और उनके विषय-वस्तु के प्रकटन को कड़ाई से नियंत्रित किया जाता है।

आपको हक है:

- अपने रिकार्ड की समीक्षा करने और उसको समझने का
- रिकार्ड को आपको समझाए जाने को
- सुधारों की मांग करने का

अगर सीऐऐस (CAS) की सेवाओं के बारे में चिंताएँ हैं तो क्या ?

अगर कोई समस्या होती है तो हम उसका समाधान करने की पूरी कोशिश करेंगे। यदि आपकी कोई चिंताएँ या सवाल हैं तो कृपया बिना झिझक अपने सीऐऐस वर्कर के साथ बात करें।

यदि आप और आपका सीऐऐस वर्कर समाधान नहीं कर सकते, तो सीऐऐस सुपरवाइज़र के साथ बात करें। हमारा अनुभव रहा है कि अधिकतम मामले आमतौर पर इस पड़ाव पर सुलझ जाते हैं। पर, यदि आप, आपका सोशल वर्कर और सुपरवाइज़र समस्या का समाधान नहीं कर सकते तो सीऐऐस की शिकायत करने की औपचारिक कार्यविधि है जो आपको समझाई जाएगी। आप किसी भी समय शिकायत कार्यविधि की लिखित कापी का मांग कर सकते हैं।

और जानकारी के लिए कृपया चिल्ड्रनज ऐड सोसाइटी आफ टोरंटो को **416-924-4646** पर फोन करें या **inquiries@TorontoCAS.ca**

www.TorontoCAS.ca